# मेरा पॉप-अप रेस्टोरेंट(स्तर 1)

| | |
|---|---|
| **विवरण** | अपने परिवार के लिए भोजन पकाने की और सजावट करने की योजना बनाने के साथ-साथ एक रेस्टोरेंट की तरह भोजन की व्यवस्था करें। अंत में भोजन अपने परिवार या गाँव वालों को खिलाएँ। |
| **मुख्य प्रश्न** | चूंकि सभी रेस्टोरेंट अभी बंद हैं, क्या हम अपना खुद का रेस्टोरेंट/भोजनालय बना सकते हैं? और घर पर अपने मेहमानों के लिए एक समय की भोजन की व्यवस्था कर सकते हैं? |
| **कार्य में लगने वाला समय** | 5 दिन में कुल 5-6 घंटें |
| **आवश्यक सामग्री** | भोजन पकाने के विधि जानने वाली किताबें, पेपर, पेंसिल/सीस, रंग, रसोई के उपकरण और सामग्री। |
| **सीखने के प्रतिफल** | 1. व्यावसायिक योजनाओं का विकास करना।<br>2. भोजन पकाने के विधि को समझना और उसमें उपयोग होने वाली चीज़ों को जानना। |

# पहला दिन

आज आप अपने स्वयं के रेस्टोरेंट खोलने और उसको चलाने के तरीके सीखेंगे।

| सुझाई हुई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **5 मिनट** | • भोजन के बारे में बातचीत शुरू करे। चूँकि अधिकांश रेस्टोरेंट बंद हैं, इसलिए उन्हें घर पर ही अपने स्वयं के पॉप-अप रेस्टोरेंट को शुरू करने का और दूसरों को भोजन कराने का मौका मिलेगा। |
| **5 मिनट** | • विद्यार्थी व्यवसाय योजना टेम्पलेट पर चर्चा करेंगे, यह समझने के लिए कि उन्हें क्या करने की आवश्यकता है<br>**<u>व्यवसाय योजना टेम्पलेट</u>:**<br>• **भाग 1:** पॉप-अप रेस्टोरेंट की अवधारणा: क्या चीज़ रेस्टोरेंट को ख़ास बनाएगी?<br>• **भाग 2:** लॉजिस्टिक योजना: मेहमान कौन हैं? हमारे पास यह विशेष भोजन कब और कहाँ होगा?<br>• **भाग 3:** भोजन योजना: आप कौनसे व्यंजन परोसेंगे? क्या-क्या सामग्री हैं? आप व्यंजन कैसे बनाएँगे?<br>• **भाग 4:** बिक्री, संचार और सजावट योजना: रेस्टोरेंट का नाम क्या है? आप अपने मेहमानों को कैसे आमंत्रित करेंगे? एक भोजन की सूचि या (मेन्यू) बनाओ। |

| | |
|---|---|
| **50 मिनट** | • विद्यार्थी व्यवसाय योजना (अवधारणा और लॉजिस्टिक अनुभाग) के भाग 1 और 2 के बारे में सोचना शुरू कर देंगे\|<br>• विद्यार्थी अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट और अपने परिवार के सदस्यों के बारे में सोचेंगे और उन्हें इसके बारे में क्या पसंद है?<br>• वे इस बात का चित्रण कर सकते हैं कि उन्हें सबसे अधिक क्या पसंद है और फिर सोचें कि इस भोजन के अनुभव को क्या ख़ास बना देगा, संकेतों में शामिल हैं: "बाहर ठेले में खाना", "एक प्रकार का पसंदीदा भोजन", "फिल्म देखने वाली रात का भोजन" इत्यादि\|<br>• विद्यार्थी अपने मेहमानों और परिवार के सदस्यों की एक सूची बनाएंगे (यदि वे नाम लिखना मुश्किल हैं, तो प्रारंभिक नाम लिख सकते हैं या छड़ी जैसी आकृति बना सकते हैं\| आप बिंदीदार रेखाओं में भी नाम लिख सकते हैं और विद्यार्थी को इसका पता लगाने के लिए कह सकते हैं\|)<br>• विद्यार्थी अपने पसंदीदा भोजन या भोजन के अनुभवों पर परिवार के सदस्यों से पूछेंगे\|<br>• विद्यार्थी परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत के आधार पर भोजन कब और कहाँ परोसा जाएगा, इसकी पुष्टि करेंगे\| |

# दूसरा दिन

आज आप अपने रेस्टोरेंट की व्यावसायिक योजना पर काम करना जारी रखेंगे|

| सुझाई हुई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **45 मिनट** | • विद्यार्थी व्यवसाय योजना (भोजन योजना) के भाग-3 पर काम करेंगे\|<br>• विद्यार्थी परिवार के साथ अपने चुने हुए व्यंजन बनाने के बारे में चर्चे करेंगे और रेसिपी का क्रमशः चित्रण करेंगे\|<br>• विद्यार्थी आवश्यक सामग्री की एक सूची बनाएँगे और जांच करेंगे कि क्या ये घर पर उपलब्ध हैं\|<br>• **टिप:** 2 सरल व्यंजन बनाएं जिनमें अधिकतम 45 मिनट की आवश्यकता होती है\| उदा: केक, पॉपकॉर्न, मिल्कशेक, सैंडविच, सलाद, पास्ता इत्यादि\| |
| **15 मिनट** | • विद्यार्थी सभी व्यंजनों का एक मेन्यू (भोजन सूची पुस्तिका) को डिजाईन करेंगे और साथ ही साथ उसका चित्रण करेंगे\| |

# तीसरा दिन

आज आप व्यवसाय योजना को पूरा करेंगे और अपने रेस्टोरेंट को तैयार करना पूरा करेंगे|

| सुझाई हुई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **30 मिनट** | • विद्यार्थी व्यवसाय योजना के भाग- 4 पर काम करेंगे (बिक्री, संचार और सजावट)। <br>• विद्यार्थियों को रेस्टोरेंट का मजेदार नाम सोचना होगा। <br>• मेहमानों के लिए निमंत्रण कार्ड डिजाईन करना होगा। |
| **10 मिनट** | • छुरी- काँटा, पानी पीने का गिलास आदि सहित सभी सजावट और खाने की मेज़ पर प्रयुक्त होने वाले बर्तन की योजना बनाएँ। |
| **20 मिनट** | • विद्यार्थी एक प्रतिपुष्टि प्रपत्र (फीडबैक फॉर्म) तैयार करेंगे (मेहमानों को भोजन पसंद नहीं आया, भोजन पसंद आया या भोजन बहुत पसंद आया, इसके लिए चेहरे के भावों का ग्राफ़िक रूपांतरण/इमोटिकॉन फेसेस वाला 3 चित्र बनाएँ) |

# चौथा दिन

आज आप भोजन बनाएँगे और अपने परिवार को खिलाएँगे।

| सुझाई हुई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **2 घंटे** | • आज बड़ा दिन है। विद्यार्थी सब कुछ एक साथ रखेंगे और अपने पॉप-अप रेस्टोरेंट में भोजन पकाएँगे। <br>• विद्यार्थी व्यंजन तैयार कर सकते हैं या व्यंजन बनाने में खाना बनाने वाले की मदद कर सकते हैं। <br>• विद्यार्थी सजावट सामग्री को एक साथ सेट करेंगे। <br>• मेहमान एक साथ भोजन का आनंद लेंगे। <br>• विद्यार्थी प्रतिपुष्टि प्रपत्र साझा करेंगे। |

# पाँचवा दिन

आज आप अपने पॉप-अप रेस्टोरेंट के बारे में प्रतिपुष्टि(फीडबैक) सुनेंगे।

| सुझाई हुई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **2 घंटे** | • विद्यार्थी प्रतिपुष्टि प्रपत्र से मिले प्रतिपुष्टि प्रतिक्रियाओं को एक टैली चार्ट में निरूपण करेंगे और इस बात पर विचार करेंगे कि कौन सी चीज़ें काम की और अगली बार क्या काम अलग किया जाना चाहिए। |

# मूल्यांकन के मापदंड

- व्यवसाय योजना की स्पष्टता।
- रेसिपी, इंटरव्यू आदि पर किए गए शोध की गहनता।

- विपणन/बिक्री सामग्री में रचनात्मकता |
- खाना पकाने में लगन |